समाचार

समीक्षा बैठक में महापौर ने अधिकारियों को सुनाई खरी–खोटी

(विधायक मद, महापौर मद, पार्षद एवं एल्डरमेन मद सहित विभिन्न मदों के कार्यो के टेण्डर का निपटारा करने हेतु एक सप्ताह की समयसीमा तय की)

कोरबा 08 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज आयुक्त श्री एस.जयवर्धन की उपस्थिति में जोनल कमिश्नरों की बैठक लेकर निगम के विकास व निर्माण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो की धीमी कार्य प्रगति पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होने विधायक मद, सांसद मद, महापौर मद, पार्षद एवं एल्डरमेन मद सहित अन्य मदों के कार्यो के टेण्डर का निपटारा करने हेतु एक सप्ताह की समयसीमा तय की।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के जोनल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होने निगम के प्रस्तावित, प्रक्रियाधीन, प्रगतिरत तथा वर्तमान में पूर्ण हो चुके विकास व निर्माण कार्यो की जोनवार एवं वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने अधोसंरचना मद, सांसद मद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद, पार्षद मद, एल्डरमेन मद, जिला खनिज न्यास मद, वित्त आयोग मद, सरगुजा उत्तर क्षेत्र प्राधिकरण मद, निगम मद सहित अन्य विभिन्न मदों से संबंधित विकास व निर्माण कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने, कार्यप्रक्रियाओं को तेजी देने, पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य का संपादन करने तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के कड़े निर्देश जोनल कमिश्नरों को दिए। उन्होने कहा कि प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो का उचित सुपरविजन सुनिश्चित कराएं तथा कार्य संपादन के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। महापौर श्री प्रसाद ने निगम क्षेत्र की मरम्मत योग्य सड़कों के मरम्मत कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराए जाने के साथ ही वार्ड एवं बस्तियों में प्रस्तावित सड़कों के निर्माण संबंधी कार्यो पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होने जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए कि वे

अपने–अपने जोन के समस्त ऐसे निर्माण कार्यो जिनके कार्य प्रगति पर हैं कि कार्य प्रगति की जानकारी प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करें।

कार्यप्रक्रिया पूरी करने समय निर्धारित– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने जोनल कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस मद में राशि उपलब्ध है उनसे संबंधित विकास कार्यो के यदि निविदा अभी तक नहीं हो पायी, उनकी तुरंत निविदा करें, जिन कार्यो के कार्यादेश दिए जाने हैं उनके कार्यादेश जारी करें, इस हेतु एक सप्ताह का समय निर्धारित किया जाता है। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि जिन प्रस्तावों के प्राक्कलन नहीं बन पाए हैं उनके प्राक्कलन तत्काल तैयार कर वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृत प्राप्त करें तथा 15 दिन के अंदर उनके टेण्डर जारी करें। उन्होने निर्देश दिए कि मरम्मत संधारण मद में पार्षदगणों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव का भौतिक निरीक्षण कर तत्काल प्राक्कलन तैयार कराएं तथा आवश्यकतानुसार एक निश्चित समय सीमा में टेण्डर की प्रक्रिया पूरी कर कार्यादेश जारी करें व कार्य प्रारंभ कराएं।

नागरिक सुविधाओं पर विशेष फोकस रखें– बैठक के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो यथा पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने नियमित व निर्वाध रूप से पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देने के साथ ही अधिकारियों से कहा कि सड़कों, चौक–चौराहों पर लगाई गई स्ट्रीट लाईट की निरंतर मानीटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी लाईटें जले, स्ट्रीट लाईटों के बंद होने की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सुधार व मरम्मत कार्य कराएं। उन्होने कहा कि पानी, बिजली, सड़क रोशनी, सहित अन्य नागरिकसेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो में शिकायतें प्राप्त होने पर उनका प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के.शर्मा, आर.के. माहेश्वरी, आर.के.चौबे, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।